# आकाशवाणी शिमला

## 10.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

**मुख्य समाचार**

- **मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्वास्थ्य संस्थान भवनों के रूफटॉप पर सोलर सिस्टम लगाने के दिए निर्देश।**
- **नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–देव परम्पराएं, आस्थाएं और अवस्थाएं हमारी विशिष्ठ पहचान।**
- **शिमला के चलौंठी में फोरलेन टनल के निर्माण के चलते कई भवनों में आई दरारें–यातायात भी बाधित।**
- **प्रदेश सीआईडी ने सोशल मीडिया में सरकारी कैलेंडर पर फर्जी पोस्ट प्रसारित करने को लेकर दर्ज की एफआईआर।**
- **हरिपुरधार निजी बस दुर्घटना की होगी मैजिस्ट्रेट जांच।**

**सीएम**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्वास्थ्य विभाग के तहत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थान भवनों में रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी भवनों में चरणबद्ध तरीके से रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने से हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा और धन की बचत भी होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने हिमाचल को हरित राज्य के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ने ऊर्जा खपत का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के दोहन से हासिल करने का निर्णय लिया है। उन्होंने ये भी कहा कि सरकार ने दो वर्षों के भीतर प्रदेश में 5 सौ मैगावॉट क्षमता की सौर परियोजनाएं स्थापित करने का लक्ष्य रखा है।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि देव परम्पराएं, देव आस्थाएं और देव अवस्थाएं हमारी विशिष्ठ पहचान है। उन्होंने ये भी कहा कि प्रदेश के लोग सदियों से देव संस्कृति से जुड़े रहे हैं और यही संस्कार हमारी सामाजिक एकता और आत्मिक शक्ति का मुख्य आधार है। जयराम ठाकुर आज बंजार के बलागाड़ में आदि शक्ति मां वल्ले दुर्गा और महार्षि मार्कण्डेय के नवनिर्मित रथों की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर बोल रहे थे। इस अवसर पर विधायक सुरेन्द्र शौरी और भाजपा के वरिष्ठ नेता महेश्वर सिंह भी मौजूद रहे।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि सहकार से समृद्धि अब केवल एक नारा नहीं है बल्कि ये गांव–गांव तक पहुंचने वाला प्रभावी व समावेशी विकास मॉडल बन गया है। ये मॉडल आने वाले वर्षों में आत्मनिर्भर भारत की नींव को और अधिक सुदृढ़ करेगा। अनुराग ठाकुर ने आज हमीरपुर में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह की कार्य कुशलता के चलते सहकार से समृद्धि की परिकल्पना धरातल पर साकार हो रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सहकारिता क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी विकेन्द्रीकृत अनाज भंडार योजना शुरू की है।

**श्रीकांत**

भाजपा के प्रदेश मामलों के प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने कहा है कि कांग्रेस की सभी 10 गारंटियां जुमला निकली है और प्रदेश की जनता आज अपने–आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। श्रीकांत शर्मा आज अपना बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत रामशहर और नालागढ़ में कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा अपना बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के माध्यम से कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों का घर–घर जाकर जवाब देगी।

**भाजपा**

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता व विधायक आशीष शर्मा ने आरोप लगाया है कि प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेशों के बावजूद अभी भी राज्य सरकार पंचायत चुनावों को टालने का प्रयास कर रही है। आशीष शर्मा ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि कांग्रेस नेता और सरकारी तंत्र भ्रम फैलाकर चुनाव प्रक्रिया को धीमा करने में जुट गया है। उन्होंने कहा कि वास्तव में कांग्रेस लोकतांत्रिक व्यवस्था और पंचायतीराज संस्थाओं को कमजोर करना चाहती है। आशीष शर्मा ने दावा किया कि प्रदेश सरकार पंचायत चुनावों से डर रही है क्योंकि राज्य की जनता उसके खिलाफ है।

**संसद – बजट सत्र**

संसद का बजट सत्र इस महीने की 28 तारीख़ से शुरू होगा और 2 अप्रैल तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि सत्र का पहला चरण 13 फरवरी को समाप्त होगा। उन्होंने कहा कि दूसरा चरण 9 मार्च को शुरू होगा। रिजिजू ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बजट सत्र के लिए संसद के दोनों सदनों का सत्र बुलाने की मंजूरी दे दी है।

**संदीपनी भारद्वाज**

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने प्रदेश सरकार पर पूर्व भाजपा सरकार के जनमंच कार्यक्रम के मॉडल की नकल करने का आरोप लगाया है। संदीपनी भारद्वाज ने आज शिमला में कहा कि कांग्रेस सरकार जनमंच का नाम बदलकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रही है क्योंकि लोगों की समस्याएं आज भी हल नहीं हो रही है। उन्होंने ये भी कहा कि कांग्रेस सरकार भाजपा के मॉडल को चुराकर अपनी विफलताओं को छिपाना चाहती है लेकिन जनता सब समझ रही है। संदीपनी भारद्वाज ने दावा किया कि जनता भाजपा के साथ खड़ी है।

**अनिरूद्ध सिंह**

शिमला के चलौंठी में फोरलेन टनल निर्माण के चलते कई भवनों को खतरा पैदा हो गया है। टनल के भीतर हो रही ब्लास्टिंग से चलौंठी में कई घरों में दरारें आ गई है। इसके चलते बीती रात एक बहुमंजिला भवन को खाली करवाना पड़ा। ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने आज घटना स्थल का दौरा कर स्थिति का जायज़ा लिया। उन्होंने प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। अनिरूद्ध सिंह ने इस मौके पर एनएचएआई के अधिकारियों को प्रभावित परिवारों को तुरंत मुआवजा देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संजौली–ढली बाईपास पर घरों के साथ–साथ सड़क किनारे भी बड़ी–बड़ी दरारें आ गई हैं। इस कारण सड़क को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद करना पड़ रहा है। दूसरी ओर प्रभावित परिवारों ने एनएचएआई पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं।

## सरकारी कैलेंडर

प्रदेश सरकार के मुद्रण व लेखन सामग्री विभाग द्वारा मुद्रित सरकारी कैलेंडर 2026 के संबंध में कुछ लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर फर्जी, तथ्यहीन और दुर्भाग्यपूर्ण पोस्ट प्रसारित करने के खिलाफ राज्य सीआईडी साइबर क्राइम सैल द्वारा एफआईआर दर्ज की गई है। विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा कि विभाग द्वारा मुद्रित कैलेंडर को सम्पादित कर वास्तविक तिथियों को अव्यवस्थित व अवास्तविक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि यह पोस्ट गलत धारणा एवं भ्रम फैलाने के लिए प्रसारित की गई है जो अनैतिक और गैर कानूनी है। प्रवक्ता ने जनता से अपील की है कि वे ऐसी फर्जी व भ्रामक पोस्ट में विश्वास न करें।

## हिमाचल प्रदेश—बस दुर्घटना

प्रदेश सरकार ने सिरमौर ज़िला के हरिपुरधार के पास बीते रोज हुई निजी बस दुर्घटना की मैजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए है। ये जांच 15 दिनों के भीतर पूरी होगी। जांच का जिम्मा एस.डी.एम संगड़ाह को सौंपा गया है। इस दुर्घटना में 14 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 52 अन्य घायल हैं। बस में 66 यात्री सवार थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप—राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बस दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को दो—दो लाख रुपये और घायलों को 50—50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व रेणुका जी से विधायक विनय कुमार और सिरमौर के उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने आज घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने बाद में इस हादसे में मारे गए लोगों के घर जाकर भी शोक प्रकट किया। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने भी इस बस दुर्घटना पर गहरा दुख जताया है।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्वास्थ्य संस्थान भवनों के रूफटॉप पर सोलर सिस्टम लगाने के दिए निर्देश।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा—देव परम्पराएं, आस्थाएं और अवस्थाएं हमारी विशिष्ठ पहचान।
- शिमला के चलौंठी में फोरलेन टनल के निर्माण के चलते कई भवनों में आई दरारें—यातायात भी बाधित।
- प्रदेश सीआईडी ने सोशल मीडिया में सरकारी कैलेंडर पर फर्जी पोस्ट प्रसारित करने को लेकर दर्ज की एफआईआर।
- हरिपुरधार निजी बस दुर्घटना की होगी मैजिस्ट्रेट जांच।

..................